# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## –: प्रेस–नोट :–

**दिनांक : 07.12.2020**

आयोग द्वारा **प्राध्यापक (विद्यालय) (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2020** का आयोजन दिनांक 14.12.2020 से 18.12.2020 तक (सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र एक सत्र में प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे तक एवं ऐच्छिक विषयों के प्रश्न पत्र प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे एवं 02:00 बजे से सायं 05:00 तक दो–सत्रों में) एवं **सहायक सांख्यिकी अधिकारी (कृषि विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2020** का आयोजन दिनांक 21.12.2020 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालयों पर किया जा रहा है।

उक्त परीक्षाओं हेतु कोरोना (COVID-19) संक्रमित अभ्यर्थियों की परीक्षा अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालयों पर निर्धारित ''जिला कोरोना (COVID-19) केन्द्र'' पर आयोजित की जायेगी। अतः **प्राध्यापक (विद्यालय) (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2020 में सम्मिलित होने वाले कोरोना (COVID-19) संक्रमित अभ्यर्थी दिनांक 13.12.2020 को सायं 04:00 बजे तक** एवं **सहायक सांख्यिकी अधिकारी (कृषि विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2020 में सम्मिलित होने वाले कोरोना (COVID-19) संक्रमित अभ्यर्थी दिनांक 20.12.2020 को सायं 04:00 बजे तक** आयोग कार्यालय को मय कोरोना संक्रमण संबंधी रिपोर्ट एवं अन्य दस्तावेज के साथ आवश्यक रूप से **ईमेल examplanning.rpsc@rajasthan.gov.in करें एवं दूरभाष नम्बर 0145–2635255 पर भी सूचित करें** ताकि उनके परीक्षा आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था की जा सके। अन्य जानकारी हेतु अभ्यर्थी आयोग कार्यालय के दूरभाष नम्बर 0145–2635255 पर सम्पर्क कर सकते है।

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव